# शासकीय महाविद्यालय सरोना के दो स्वयंसेवकों का राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए चयन: यह उपलब्धि महाविद्यालय और जिले के लिए गर्व का विषय

सुरज मंडावी कांकेर:– ✍️✍️✍️ **शासकीय महाविद्यालय सरोना के दो स्वयंसेवकों का राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए चयन: यह उपलब्धि महाविद्यालय और जिले के लिए गर्व का विषय**



**कांकेर**: शासकीय महाविद्यालय सरोना के दो विद्यार्थियों, कु. पीलेश्वरी मांडवी और दीपक यादव ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर कांकेर जिले के समस्त महाविद्यालयों के बीच हुए जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय सांसद के रूप में चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। यह चयन कांकेर जिले के सभी महाविद्यालयों के प्रतिभागियों में से 10 चुने गए प्रतिभागियों में से हुआ, जो एक बड़ी उपलब्धि है।



युवाओं को राजनीति और समाज सेवा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपने विचार, दृष्टिकोण और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के बारे में गहरी समझ दिखानी होती है। राज्य स्तरीय युवा संसद में चयन का यह अवसर इन दोनों विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है, और उनका यह चयन न केवल उनके लिए, बल्कि उनके परिवार और शासकीय महाविद्यालय सरोना के लिए भी गर्व का विषय बन गया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एस.के. नेताम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एस.के. मरकाम और महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों ने विद्यार्थियों को इस महान उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य एस.के. नेताम ने कहा, "हमारे विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सम्मान अर्जित किया है। यह हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय युवा संसद में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई। हम उम्मीद करते हैं कि वे राज्य स्तरी युवा संसद में अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेंगे।"

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एस.के. मरकाम ने भी इस सफलता को महाविद्यालय के एनएसएस विभाग के लिए एक प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा, "इस सफलता ने महाविद्यालय के एनएसएस विभाग को प्रेरित किया है और यह पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह चयन निश्चित रूप से हमारे विद्यार्थियों को और अधिक प्रेरित करेगा और आगामी दिनों में वे समाज सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में और अधिक योगदान देंगे।"

महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों की सफलता से महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है और सभी का मानना है कि यह चयन महाविद्यालय की शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों को और प्रोत्साहित करेगा।